प्रेस नोट संख्या- 09
दिनांक 06.10.2024
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस
थाना जामो पुलिस द्वारा चोरी की कुल 03 मोटरसाइकिल के साथ 01 नफर वाहन चोर गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 06.10.2024 को उ0नि0 हवलदार यादव थाना जामो मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल से आनन्दनगर से ग्राम हरगांव की ओर आ रहा है। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अचलपुर नहर पुलिया के पास पहुंचकर चेकिंग की जाने लगी। कुछ समय पश्चात एक मोटरसाइकिल आती दिखायी दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल को मोड़कर भागने लगा तभी पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से घेरकर पकड़ लिया गया। मोटरसाइकिल चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गंगाराम पुत्र खेमराज निवासी दुलापुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष बताया।

भागने का कारण पूछने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे मैने कुछ माह पहले तिवारीगंज लखनऊ से चोरी कर के नंबर प्लेट बदल दी थी एवं अन्य 02 मोटरसाइकिल भी मैने लखनऊ से चोरी की थी जिनकी नंबर प्लेट बदलकर मैने ग्राम अहद के पास झाड़ियों में छुपा दी हैं। अभियुक्त की निशानदेही पर बताये गये स्थान से चोरी की अन्य 02 मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जामो द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

- गंगाराम पुत्र खेमराज निवासी दुलापुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।

बरामदगी-

- 03 अदद चोरी की मोटरसाइकिल सं0 UP33BC3463, UP332JA846, UP41V0093।(कूटरचित नम्बर प्लेट)

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

- मु0अ0सं0 255/24 धारा 317(2), 318(4), 336(3), 340(2) बी0एन0एस0 थाना जामो जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 हवलदार यादव थाना जामो जनपद अमेठी।
2. हे0का0 अनीश तिवारी थाना जामो जनपद अमेठी।
3. का0 संदीप मौर्या थाना जामो जनपद अमेठी।
4. का0 सुनील कुमार थाना जामो जनपद अमेठी।
5. का0 नवनीत कुमार थाना जामो जनपद अमेठी।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 285/2022 धारा 279, 337, 338 भादवि थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 220/2023 धारा 411 भादवि थाना जामों जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 113/2023 धारा 379, 411 भादवि थाना कैन्ट जनपद लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ)।